**विषय - हिन्दी** **शीट क्रमांक - 1** **कक्षा - 4**

Q.1 निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा छाँटकर लिखिए -
(क) सीमा का घर बहुत सुन्दर है।
(ख) गर्मियों की छुट्टी में मैं कानपुर जाऊँगा।
(ग) पिताजी बाजार से अमरूद लेकर आये।

Q.2 नीचे लिखे शब्दों के तीन - तीन तुकान्त शब्द लिखिए?
तेरा -
नमक -
लाल -

Q.3 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-
सावधान -
उजाला -
खूबसूरत -
न्याय -

Q.4 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-
(क) जो पिता का भक्त हो -
(ख) जो सत्य बोलता हो -
(ग) जो ईश्वर में विश्वास रखता हो -

Q.5 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए-
फर्श -
जोश -
अचरज-

Q.6 नीचे लिखे शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए-
पानी -
पक्षी-
फूल -

Q.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
(क) जोर- शोर से आँधी आने पर क्या हुआ?
(ख) चिड़िया के लिए दुख की बात क्या है?

Q.8 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए?
चमक रहे हैं ---- तारे।
बना तेरा श्रृंगार ----।
चमक रही है ----तुम्हारी।
चमक रहे हैं---जल ---।

Q. 9 संज्ञा की परिभाषा और उसके भेद लिखिए?

Q. 10 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए-
(क) आँखों का तारा होना-
(ख) आस्तीन का साँप-
(ग) चिराग तले अंधेरा -
(घ) अन्धे की लकड़ी-

Q.11- बाग में सुन्दर फूल खिले हैं "विशेषण" शब्द बताइए?
(क) बाग
(ख) सुन्दर
(ग) फूल

Q.12 निम्नलिखित वाक्यों से संज्ञा छाँटकर लिखिए?
(क) अध्यापिका पढ़ाती हैं।
(ख) ईमानदारी एक अच्छा गुण है।
(ग) हिमालय विशाल पर्वत है।

Q.13 नीचे लिखे शब्दों में बहुवचन का उदाहरण है?
(क) माला, नाला
(ख) केला, बच्चा
(ग)तितली, लड़की
(घ)चिड़ियाँ, गुड़ियाँ

Q.14 नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए?
रात -
न्याय -
अज्ञानी -
धनी -

Q.15 निम्न शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए?
पानी -
राजा -
पृथ्वी-
कमल -

**विषय - हिन्दी** **शीट क्रमांक - 2** **कक्षा - 4**

Q.1 समान अर्थ वाले शब्दों को क्या कहते हैं?
1- पर्यायवाची
2- एकार्थी
3- विलोम

Q.2 आग, आँसू, घर, आदि शब्द हैं -
1- तत्सम शब्द
2- तद्भव शब्द
3- देशज शब्द

Q.3 विलोम शब्द अर्थ बताते हैं -
1 - विपरीत
2 - अनुकूल
3 - समान

Q.4 कवि का स्त्रीलिंग होगा?
1 - कवित्री 2 - कवयित्री 3 - कवयीत्री

Q.5- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए -
1- बच्चा रो रहे हैं।
2- माताएँ जा रहा है।
3- लोग बाजार जा रहा हैं।

Q.6 सर्वनाम किसके स्थान पर प्रयुक्त होता है?
1 - संज्ञा
2 - विशेषण
3 - क्रिया

Q.7 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -
1- झूठ बोलने वाला -
2- जिस पर विजय पाना कठिन हो -
3- कम बोलने वाला -

Q.8 निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए -
1- कहानी -
2- रात -
3- कौआ -
4- दवाई -

Q.9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

एक राजा थे। राजकाज से थक गए थे। एक दिन दरबार में मंत्री से बोले- "मंत्री जी सोचता हूँ हम लोग गंगा- स्नान कर आए"।राजा की बात सुनते ही मंत्री जी चट से बोले- बहुत शुभ विचार है महाराज। आपके पूर्वजों ने तो कई बार गंगा की यात्रा की है। अवश्य चला जाए।

1- जब राजा राज काज से थक गए तो मंत्री जी से क्या बोले?

2- "मंत्री जी सोचता हूँ हम लोग गंगा स्नान कर आएँ" यह शब्द किसने किससे कहे ?

Q.10 - "मेरा स्कूल" पर 10 वाक्य लिखिए।

Q.11 - अपनी किताब से कोई एक कविता लिखिए एवं याद कीजिए।

Q.12 दो वर्णों से मिलकर बने व्यञ्जन को क्या कहते हैं?
( क) संयुक्त व्यञ्जन
(ख) द्वित्व व्यञ्जन
(ग) स्पर्श व्यञ्जन

Q.13 - आग बबूला होना मुहावरे का अर्थ है?
(क) आग का धुआँ उड़ना।
(ख) गुस्सा आना।
(ग) आग में बबूला बन जाना।
(घ) आग का तेज जलना।

Q.14 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
(क) बाल गंगाधर तिलक का जन्म कब और कहां हुआ था?
(ख) अदिति अपने घर क्यों लौट रही है?

**विषय- हिन्दी** **शीट क्रमांक- 4** **कक्षा- 4**

**Q.1** रिक्त स्थानों की पूर्ति दिए गए शब्दों के भाववाचक रूप से
कीजिए?

1- मोहन की माताजी बहुत------ है। (दया)
2- मनुष्य में-----गुण होना चहिए। (उदार)
3- बच्चों की------ अच्छी लगती है। (चंचल)
4- रीता के व्यवहार में मुझे------- नजर नहीं आया। (अपना)

**Q.2** रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए?

1- (वर ) और----- को सब लोगों ने आशीर्वाद दिया।
2- राम का पुत्र (गुणवान) है और उसकी पुत्री------है।
3- (मोर) जितना सुंदर होता है----- उतनी सुंदर नहीं होती है।

**Q.3** व्याकरण के भाग होते हैं?

1-तीन 2- चार 3- पाँच

**Q.4** वर्ण किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार के होते हैं?

**Q 5** कौन- सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है?

1- गंगा
2- देश
3- भारत

**Q.6** निम्न शब्दों के बहुवचन लिखिए।

1- नदी-
2- लता -
3- माला-
4- चिड़ियाँ -

**Q.7** 'आनी ' प्रत्यय लगाकर शब्द बना है

1- जेठानी 2- में शेरनी 3- नेत्री

**Q.8** रिक्त स्थानों में उचित कारक चिन्ह भरिए।

1- राम कलम---- लिखता है।
2- भिखारी --- कुछ दे दो।
3- सविता दिल्ली--- रहती है।
4- नदिया पर्वतों ---निकलती है।

**Q.9** सकर्मक क्रिया व अकर्मक क्रिया में क्या अंतर है?

**Q.10** प्रश्न वाचक चिन्ह की पहचान करें?

1- (?) 2- (:) 3- (=)

**Q. 11** नीचे कुछ मुहावरों के अर्थ लिखे हैं उनसे सम्बंधित मुहावरे लिखिए?

1- बहाना बनाना-
2- बहुत लज्जित होना -
3- रुपया - पैसा ना होना

**Q.12** नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हजरत मोहम्मद साहब का जन्म अरब के प्रसिद्ध नगर मक्का में हुआ था।उनकी माता का नाम आमिना तथा पिता का नाम अब्दुल्लाह था।जन्म से दो महा पूर्व उनके पिता का निधन हो गया था।छह वर्ष की अवस्था में उनकी माता भी चल बसी।उनकी माता के देहांत के बाद उनका पालन पोषण उनके दादा अब्दुल मुत्तलिब ने और चाचा अबूतालिब ने किया।

1- हजरत मोहम्मद साहब का जन्म कहाँ हुआ था?
2- हजरत मोहम्मद साहब की माता व पिता का क्या नाम था?
3- हजरत मोहम्मद साहब का पालन पोषण किसने किया?

**Q.13**- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

1-तिलक के नाम के साथ 'लोकमान्य' शब्द कैसे जुड़ा?
2- ईश्वर किस तरह के लोगों के हृदय में निवास करता है?